H-20

# M.A. (Hindi) Entrance Examination 2015

Time : 2 Hours Max. Marks : 100

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

**अनुदेश/Instructions :**

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **जरूर लिखें ।**

Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail.**

ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर ही लिखे जाने चाहिए ।

Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instruction provided there upon.

प्रश्न-पत्र में कुल 100 वैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं । विश्वविद्यालय की नियमावली के अनुसार **कुल प्राप्त अंकों में से हर एक गलत उत्तर के लिए 0.33 अंक काट दिये जाएंगे ।**

The question paper consists of 100 objective type questions and there will be **negative marking of 0.33 marks for every wrong answer** as per the University rules.

H-20

## University of Hyderabad

## Entrance Examination 2015 - M.A. (Hindi)

सूचना : **निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।**

| | |
|---|---|
| 1. | 'आत्म-निर्भरता' निबंध के लेखक का नाम क्या है?<br>(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) पं. बालकृष्ण भट्ट<br>(C) हरिशंकर परसाई (D) महादेवी वर्मा |
| 2. | 'चीफ़ की दावत' कहानी के लेखक हैं -<br>(A) भीष्म साहनी (B) अमरकांत<br>(C) रांगेय राघव (D) कमलेश्वर |
| 3. | प्रेमचन्द किस पत्रिका के संपादक थे ।<br>(A) चाँद (B) सरस्वती<br>(C) हंस (D) कल्पना |
| 4. | आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल की काल-सीमा है -<br>(A) संवत् 1350 से 1700 तक (B) संवत् 1300 से 1700 तक<br>(C) संवत् 1375 से 1700 तक (D) संवत् 1400 से 1700 तक |
| 5. | "हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती<br>स्वयंप्रभा समुज्जवला स्वतंत्रता पुकारती" ये किस कवि की पंक्तियाँ हैं-<br>(A) जयशंकर प्रसाद (B) निराला<br>(C) सुमित्रानंदन पंत (D) महादेवी वर्मा |
| 6. | 'कुरुक्षेत्र' किसकी रचना है?<br>(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) मैथिली शरण गुप्त<br>(C) सुमित्रानंदन पंत (D) अज्ञेय |
| 7. | 'परीक्षा गुरु' उपन्यास से लेखक हैं -<br>(A) भारतेन्दु (B) प्रताप नारायण मिश्र<br>(C) बालकृष्ण भट्ट (D) लाला श्रीनिवासदास |
| 8. | 'भिक्षुक' कविता किसकी है -<br>(A) निराला (B) नागार्जुन<br>(C) मुक्तिबोध (D) अज्ञेय |

| | |
|---|---|
| 9. | 'उसने कहा था' कहानी के लेखक हैं -<br>(A) प्रेमचन्द (B) जयशंकर प्रसाद<br>(C) चंद्रधर शर्मा गुलेरी (D) मोहन राकेश |
| 10. | 'राग दरबारी' उपन्यास से लेखक हैं -<br>(A) श्रीलाल शुक्ल (B) जैनेन्द्र<br>(C) धर्मवीर भारती (D) यशपाल |
| 11. | 'राम की शक्ति पूजा' के रचनाकार कौन है ?<br>(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) निराला<br>(C) प्रसाद (D) पंता |
| 12 | निम्नलिखित में कौन आलोचक नहीं है -<br>(A) रामचंद्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी<br>(C) रामविलास शर्मा (D) मैथिलीशरण गुप्त |
| 13. | 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' निबंध के लेखक हैं ?<br>(A) जयशंकर प्रसाद (B) महावीरप्रसाद द्विवेदी<br>(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी (D) प्रेमचन्द |
| 14. | 'सुनीता' उपन्यास से लेखक हैं -<br>(A) श्रीलाल शुक्ल (B) जैनेन्द्र<br>(C) धर्मवीर भारती (D) यशपाल |
| 15. | 'स्मृति की रेखाएँ' संस्मरण किसकी रचना है -<br>(A) महादेवी वर्मा (B) सुभद्रा कुमारी चौहान<br>(C) प्रेमचन्द (D) अज्ञेय |
| 16. | 'पत्नी' किसकी कहानी है ?<br>(A) प्रेमचन्द (B) रांघेय राघव<br>(C) जैनेन्द्र कुमार (D) काशीनाथ सिंह |
| 17. | "सतगुरु की महिमा, अनँत, अनँत किया उपगार। "- यह किसकी पंक्ति है ?<br>(A) कबीरदास (B) तुलसीदास<br>(C) रहीम (D) रैदास |
| 18. | ये रीतिकाल के कवि नहीं है -<br>(A) मतिराम (B) बिहारीलाल<br>(C) घनानन्द (D) रैदास |

| | |
|---|---|
| 19. | यह केशवदास की रचना है -<br>(A) रामचंद्रिका (B) रामचरितमानस<br>(C) पद्मावत (D) सूरसागर |
| 20. | 'अष्टछाप' कवियों का संबंध हिन्दी साहित्य के किस काल से है-<br>(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल<br>(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल |
| 21. | अकबर के नवरत्नों में थे -<br>(A) बिहारीलाल (B) रसखान<br>(C) रहीम (D) भूषण |
| 22. | हिन्दी भाषा का संबंध किस भाषा-परिवार है ?<br>(A) इंडो-यूरोपीय (B) द्रविड़<br>(C) तिब्बती-बर्मी (D) ऑस्ट्रो-एशियाटिक |
| 23. | दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के संस्थापक थे -<br>(A) इंदिरा गाँधी (B) जवाहरलाल नेहरू<br>(C) सुब्रमण्य भारती (D) महात्मा गाँधी |
| 24. | 'पयोधि' शब्द का अर्थ है -<br>(A) नदी (B) पानी<br>(C) तालाब (D) समुद्र |
| 25. | निम्नलिखित में ऊष्म व्यंजन है -<br>(A) श् (B) क<br>(C) य (D) ख |
| 26. | निम्नलिखित में तद्भव शब्द कौन-सा है -<br>(A) आग्नि (B) पुष्प<br>(C) अभिनंदन (D) आग |
| 27. | जो किये गये उपकारों को मानता है वह कहलाता है -<br>(A) कृतज्ञ (B) कृतघ्न<br>(C) अल्पज्ञ (D) सर्वज्ञ |
| 28. | यह जानवर हिनहिनाता है -<br>(A) गाय (B) गदहा<br>(C) घोड़ा (D) कुत्ता |

| | |
|---|---|
| 29. | बाँछे खिलना का अर्थ है -<br>(A) कलंक लगना (B) अत्यंत प्रसन्न होना<br>(C) बुद्धि भ्रष्ट होना (D) स्तब्ध होना |
| 30. | 'लड़का पाठशाला गया है' यह वाक्य किस भूत काल में है -<br>(A) पूर्ण भूतकाल (B) संदिग्ध भूतकाल<br>(C) आसन्न भूतकाल (D) अपूर्ण भूतकाल |
| 31. | 'मैं राम <u>**को**</u> दो रुपये देता हूँ' -- रेखांकित शब्द का कारक बताइए ।<br>(A) संबंध कारक (B) अधिकरण कारक<br>(C) कर्ता कारक (D) संप्रदान कारक |
| 32. | यह व्यंजन संधि का उदारहण है -<br>(A) अहम्+कार=अहंकार (B) अति+उत्तम = अत्युत्तम<br>(C) देव+इन्द्र = देवेन्द्र (D) भोजन+आलय =भोजनालय |
| 33. | यह गुण संधि का उदाहरण है -<br>(A) महा+उत्सव=महोत्सव (B) गिरि+ईश = गिरीश<br>(C) सदा+एव = सदैव (D) निः+गुण = निर्गुण |
| 34. | 'प्रत्युत्तर' का सही संधि-विच्छेद क्या है -<br>(A) प्रत्यु+तर (B) प्रत्यु+उत्तर<br>(C) प्रति+उत्तर (D) प्रत+उत्तर |
| 35. | 'कोई' और 'कुछ' इस तरह के सर्वनाम के उदाहरण है -<br>(A) निश्चय वाचक (B) अनिश्चय वाचक<br>(C) संबंध वाचक (D) प्रश्नवाचक |
| 36. | 'हथकड़ी' इस तत्पुरुष समास का उदाहरण है -<br>(A) कर्म तत्पुरुष (B) संप्रदान तत्पुरुष<br>(C) अपादान तत्पुरुष (D) संबंध तत्पुरुष |
| 37. | One should not walk bare-headed in the sun का सही हिन्दी अनुवाद है -<br>(A) धूप में नहीं घूमना चाहिए ।<br>(B) धूप में नंगे घूमना नहीं चाहिए ।<br>(C) धूप में पैदल नहीं घूमना चाहिए ।<br>(D) धूम में नंगे सिर नहीं घूमना चाहिए । |

| | |
|---|---|
| 38. | The economic progress will depend on national savings का सही हिन्दी अनुवाद है-<br>(A) आर्थिक विकास बचत पर निर्भर होगी ।<br>(B) आर्थिक प्रगति राष्ट्रीय बचत पर निर्भर होगी ।<br>(C) राष्ट्रीय बचत आर्थिक प्रगति पर निर्भर होगा ।<br>(D) राष्ट्र का विकास आर्थिक प्रगति पर निर्भर है । |
| 39. | वह कल से बीमार है -- का सही अंग्रेज़ी अनुवाद है -<br>(A) He is ill yesterday. (B) He was sick since yesterday.<br>(C) He has been ill since yesterday. (D) He has been ill yesterday. |
| 40. | मैंने इस कलम को पाँच रुपये में खरीदा ।-- का सही अंग्रेज़ी अनुवाद है -<br>(A) I purchased this pen with five rupees.<br>(B) I brought this pen for five rupees.<br>(C) I brought this pen with five rupees.<br>(D) I had this pen with five rupees. |
| 41. | Appendix शब्द का हिन्दी पर्याय है -<br>(A) अनुबंध (B) अनुच्छेद<br>(C) शुद्धिपत्र (D) परिशिष्ट |
| 42. | Satellite शब्द का हिन्दी पर्याय है -<br>(A) उपग्रह (B) परजीवी<br>(C) जीवाश्म (D) ग्रह |
| 43. | Manuscript शब्द का हिन्दी पर्याय है -<br>(A) मसौदा (B) पांडुलिपि<br>(C) प्रतिलिपि (D) इतिहास-लेख |
| 44. | 'कार्यकारी' के लिए सही अंग्रेज़ी शब्द है -<br>(A) Agenda (B) Adviser<br>(C) Acting (D) Working |
| 45. | 'जनगणना' के लिए सही अंग्रेज़ी शब्द है -<br>(A) Sensuous (B) Senses<br>(C) Census (D) Demographics |
| 46. | 'पंच परमेश्वर' कहानी के लेखक हैं -<br>(A) सुदर्शन (B) विश्वंभरनाथ शर्मा<br>(C) प्रेमचन्द (D) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' |

| | |
|---|---|
| 47. | 'कामायनी' इनके द्वारा लिखित महाकाव्य है?<br>(A) जयशंकर प्रसाद (B) अज्ञेय<br>(C) सियारामशरण गुप्त (D) दिनकर |
| 48. | 'रामचरितमानस' के कितने कांड हैं -<br>(A) 7 (B) 10<br>(C) 5 (D) 12 |
| 49. | 'जूही की कली' किस विधा की रचना है -<br>(A) कहानी (B) उपन्यास<br>(C) कविता (D) नाटक |
| 50. | 'यामा' किसकी रचना है<br>(A) निराला (B) सुमित्रानंदन पंत<br>(C) महादेवी वर्मा (D) सुभद्रा कुमारी चौहान |
| 51. | प्रेमचन्द के अपूर्ण उपन्यास का नाम है -<br>(A) गबन (B) कर्मभूमि<br>(C) प्रेमाश्रम (D) मंगलसूत्र |
| 52. | 'स्कंदगुप्त' किस विधा की रचना है -<br>(A) कविता (B) कहानी<br>(C) नाटक (D) संस्मरण |
| 53. | 'भूले-बिसरे चित्र' किनका उपन्यास है -<br>(A) रांगेय राघव (B) भगवतीचरण वर्मा<br>(C) गुरुदत्त (D) नागार्जुन |
| 54. | इनमें से किस उपन्यासकार को 'उपन्यास-सम्राट' कहा जाता है -<br>(A) जयशंकर प्रसाद (B) प्रेमचन्द<br>(C) अमृतलाल नागर (D) अज्ञेय |
| 55. | इनमें से कौन-सी रचना एकांकी है -<br>(A) गोदान (B) चंद्रगुप्त<br>(C) कामायनी (D) एक घूँट |

| | |
|---|---|
| 56. | 'डेली हिन्दी मिलाप' समाचार-पत्र किस शहर से प्रकाशित होता है -<br>(A) हैदराबाद (B) कलकत्ता<br>(C) पटना (D) दिल्ली |
| 57. | 'आचरण की सभ्यता' इनके द्वारा लिखित निबंध है -<br>(A) डॉ. श्याम सुंदर दास (B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी<br>(C) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) अध्यापक पूर्ण सिंह |
| 58. | 'घीसू' और 'माधव' प्रेमचन्द की किस कहानी के पात्र हैं -<br>(A) ईदगाह (B) कफ़न<br>(C) बलिदान (D) नमक का दरोगा |
| 59. | 'मधुशाला' के लेखक हैं -<br>(A) निराला (B) हरिवंशराय बच्चन<br>(C) दिनकर (D) मैथिलीशरण गुप्त |
| 60. | 'साकेत' की भाषा है -<br>(A) खड़ी बोली (B) अवधी<br>(C) ब्रज (D) मैथिली |
| 61. | 'मैला आँचल' किस विधा की रचना है -<br>(A) कविता (B) कहानी<br>(C) नाटक (D) उपन्यास |
| 62. | 'मेरी असफलताएँ' निबंध संग्रह के लेखक हैं -<br>(A) बाबू गुलाबराय (B) प्रेमचन्द<br>(C) रघुवीर सहाय (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| 63. | किसी व्यक्ति के द्वारा अपने दैनंदिन जीवन की घटनाओं का विवरण इसमें अंकित किया जाता है-<br>(A) रिपोर्ताज (B) संस्मरण<br>(C) डायरी (D) रेखाचित्र |
| 64. | नागार्जुन इस धारा के कवि माने जाते हैं -<br>(A) प्रयोगवाद (B) प्रगतिवाद<br>(C) हालावाद (D) छायावाद |

| | |
|---|---|
| 65. | ‘झूठा-सच’ के लेखक हैं -<br>(A) जैनेन्द्र कुमार (B) यशपाल<br>(C) उपेन्द्रनाथ अश्क (D) शिवपूजन सहाय |
| 66. | ‘संस्कृति के चार अध्याय’ के लेखक हैं -<br>(A) दिनकर (B) नामवर सिंह<br>(C) मैनेजर पांडेय (D) रामविलास शर्मा |
| 67. | दक्किनी इस शहर में बोली जाती है -<br>(A) दिल्ली (B) कोलकत्ता<br>(C) जयपुर (D) हैदराबाद |
| 68. | ‘शेखर एक जीवनी’ किस विधा की रचना है -<br>(A) उपन्यास (B) कहानी<br>(C) जीवनी (D) संस्मरण |
| 69. | भीमसेन ‘निर्मल’ इस भाषा से हिन्दी में अनुवाद करते थे -<br>(A) मलयालम (B) तेलुगु<br>(C) कन्नड़ (D) तमिल |
| 70. | ‘अंधायुग’ के रचनाकार हैं-<br>(A) मोहन राकेश (B) धर्मवीर भारती<br>(C) रामकुमार वर्मा (D) दुष्यंत कुमार |
| 71. | कन्नड़ से हिन्दी में अनुवाद करने वाले प्रसिद्ध अनुवादक का नाम है -<br>(A) बालशौर रेड्डी (B) कुट्टन पिल्लै<br>(C) शौरि राजन (D) एन.एस. दक्षिणा मूर्ति |
| 72. | सरलता से स्मरण रखने योग्य सार गर्भित वाक्य को कहते हैं -<br>(A) टिप्पणी (B) टीका<br>(C) सूत्र (D) भाष्य |
| 73. | मौखिक परंपरा से चली आने वाली प्रचलित लोकप्रिय-कथा को कहते हैं -<br>(A) कहानी (B) नाटक<br>(C) लोककथा (D) आख्यायिका |

| | |
|---|---|
| 74. | 'ढोला मारू रा दूहा' किस काल की रचना है -<br>(A) भक्तिकाल (B) आदिकाल<br>(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल |
| 75. | 'अंधेर नगरी' नाटक के लेखक हैं -<br>(A) लाला श्रीनिवासदास (B) भारतेन्दु<br>(C) बालकृष्ण भट्ट (D) राधाचरण गोस्वामी |
| 76. | जिसमें औचित्य नहीं है उसको कहते हैं -<br>(A) औचित्य (B) अनौचित्य<br>(C) वैचित्र्य (D) अतिशयोक्ति |
| 77. | 'चिंतामणि' निबंध संग्रह के कितने भाग हैं -<br>(A) दो (B) तीन<br>(C) चार (D) पाँच |
| 78. | 'चंद्रकांता' उपन्यास के लेखक हैं -<br>(A) लाला श्रीनिवासदास (B) बालकृष्ण भट्ट<br>(C) देवकीनंदन खत्री (D) किशोरी लाल गोस्वामी |
| 79. | इनमें से कौन-सा उपन्यास प्रेमचन्द का नहीं है -<br>(A) सेवासदन (B) प्रेमाश्रम<br>(C) गबन (D) कंकाल |
| 80. | अरस्तू किसका शिष्य था -<br>(A) प्लेखानोव (B) क्रोचे<br>(C) आस्कर वाइल्ड (D) प्लेटो |
| 81. | 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' किसकी परिभाषा है -<br>(A) दंडी (B) भामह<br>(C) विश्वनाथ (D) वामन |
| 82. | अद्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य है -<br>(A) रामानुजाचार्य (B) मध्वाचार्य<br>(C) शंकराचार्य (D) वल्लभाचार्य |

| | |
|---|---|
| 83. | मीराबाई के गुरु हैं -<br>(A) विष्णु स्वामी (B) रैदास<br>(C) वल्लभाचार्य (D) बाबा नरहरिदास |
| 84. | ध्वनिसिद्धांत के प्रवर्तक हैं -<br>(A) आनंदवर्धन (B) कुंतक<br>(C) वामन (D) क्षेमेन्द्र |
| 85. | मनोविश्लेषणवाद के प्रवर्तक हैं -<br>(A) कार्ल मार्क्स (B) फ्रॉयड<br>(C) कॉलरिज (D) डॉ. जॉनसन |
| 86. | प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन किस शहर में हुआ था -<br>(A) दिल्ली (B) सूरिनाम<br>(C) नागपुर (D) मॉरिशस |
| 87. | इस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हिन्दी कवि का नाम है -<br>(A) केदारनाथ अग्रवाल (B) केदारनाथ सिंह<br>(C) अशोक वाजपेयी (D) रमेशचन्द्र शाह |
| 88. | निम्नलिखित में कौन-सा दंत्य व्यंजन है -<br>(A) क (B) त<br>(C) न (D) च |
| 89. | निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है -<br>(A) कीर्तिमान (B) किर्तिमान<br>(C) कीर्तीमान (D) कीर्तिमन |
| 90. | निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन अल्पप्राण नहीं है -<br>(A) क (B) ख<br>(C) ङ (D) ग |
| 91, | निम्नलिखित में कौन-सा व्यंजन महाप्राण नहीं है -<br>(A) छ (B) झ<br>(C) प (D) फ |

| | | |
|---|---|---|
| 92. | 'मक्खीचूस' का अर्थ है -<br>(A) खराब करना (B) तंग करना<br>(C) बेकार फिरने वाला (D) बहुत कंजूस | |
| 93. | 'बगुला भगत' का अर्थ है -<br>(A) वायदे का पक्का (B) खूब खुश होना<br>(C) भाग जाना (D) कपटी धूर्त | |
| 94. | काम करने की योग्यता न होने पर दूसरे को दोष देना यह कहलता है -<br>(A) नाच न जाने आंगन टेढ़ा (B) जैसी करनी वैसी भरनी<br>(C) जागे सो पावे सोवे तो खोवे (D) थोथा चना बाजे घना | |
| 95. | 'देशोद्धार' इस तत्तपुरुष का उदाहरण है -<br>(A) अपादान तत्पुरुष (B) अधिकरण तत्पुरुष<br>(C) संप्रदान तत्पुरुष (D) करण तत्पुरुष | |
| 96. | 'दायें-बायें', 'इधर-उधर' आदि शब्द इस तरह के क्रिया-विशेषण के उदाहरण हैं -<br>(A) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण (B) कालवाचक क्रिया-विशेषण<br>(C) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण (D) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण | |
| 97. | जिसमें क्रिया के पुरुष, लिंग और वचन कर्ता के अनुसार होते हैं उसे इस प्रकार का प्रयोग कहते हैं -<br>(A) भावे प्रयोग (B) कर्तृवाच्य कर्मणि प्रयोग<br>(C) कर्मवाच्य कर्मणि प्रयोग (D) कर्तरि प्रयोग | |
| 98. | 'कहलवाना' इस तरह की क्रिया का उदाहरण है -<br>(A) अपूर्ण क्रिया (B) संयुक्त क्रिया<br>(C) अकर्मक क्रिया (D) प्रेरणार्थक क्रिया | |
| 99. | 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि का उपनाम है -<br>(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) दिनकर<br>(C) निराला (D) मैथिलीशरण गुप्त | |
| 100. | निम्न में से कौन-सा काव्य-संग्रह नहीं है -<br>(A) जूही की कली (B) अनामिका<br>(C) अणिमा (D) बिल्लेसुर बकरिहा | |

***